मध्याह्न भोजन योजना
Mid Day Meal Scheme

# लोक शिक्षण संचालनालय
# छत्तीसगढ़

खण्ड–3 प्रथम तल इन्द्रावती भवन नया रायपुर
फोन नम्बर– 0771-4283025,4283036 फैक्स नम्बर–0771-2445215
Email-Id dpi.mdm@gmail.com

मध्याह्न भोजन योजना
Mid Day Meal Scheme


क्रमांक / म0भो0 / मीनू / 2014 / 1411 रायपुर दिनांक 01/12/2014

प्रति,

समस्त कलेक्टर
छत्तीसगढ़

विषय –: मध्याह्न भोजन हेतु मीनू निर्धारण।

संदर्भ –: लोक शिक्षण संचा. / ज्ञाप क्रमा. / मध्य.भो. / निर्देश / 2011 / 597 रायपुर दिनांक 13.02.2012

==00==

उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि शालाओं में मध्याह्न भोजन को रुचिकर बनाने हेतु साप्ताहिक मीनू का निर्धारण हेतु जिला स्तर पर किया जाना है। स्थानीय उपलब्धता तथा क्षेत्र विशेष में बच्चों में प्रचलित रुचिकर भोजन को ध्यान में रखते हुये मीनू का निर्धारण किया जाना है।

राज्य स्तर से अधिकारियों तथा मानिटरिंग संस्था के निरीक्षण दल द्वारा निरीक्षण के दौरान यह पाया गया है कि राज्य के कई जिलों में साप्ताहिक मीनू का निर्धारण नहीं किया गया है। जिन जिलों में मीनू का निर्धारण किया गया है उन जिलों में भी कई शालाओं में संचालनकर्ता समूहों द्वारा मीनू अनुसार भोजन नहीं दिया जाता है।

अतः जिन जिलों में मध्याह्न भोजन का साप्ताहिक मीनू का निर्धारण नहीं किया गया है उन जिलों के लिये प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर निम्नानुसार प्रस्तावित किया जाता है । खाद्य पदार्थ की मात्रा एवं विविधता को प्रभावित किये बिना जिला स्तर पर स्थानीय उपलब्धता को ध्यान में रखते हुये इसमें आंशिक संशोधन किया जा सकता है। यह साप्ताहिक मीनू सभी महिला स्व–सहायता समूह एवं एन.जी.ओ. द्वारा संचालित सभी शालाओं के लिये समान रूप से लागू होगा –

# प्राथमिक स्तर पर मध्याह्न भोजन का मीनू

| दिन | मध्याह्न भोजन का मीनू | दाल की मात्रा (ग्राम में) | हरी सब्जी की मात्रा (ग्राम में) | तेल की मात्रा (ग्राम में) | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| सोमवार | चावल /सांभर दाल (कुम्हडा,लौकी,मुनगा,या अन्य हरी सब्जी मिलाकर सांभर ) पापड | 20 | 50 | 5 | उपलब्धता के आधार पर मौसमी फल ,गुड़ चना |
| मंगलवार | चावल /पंचरत्न दाल (मूंग,अरहर,चना,उडद,मसूर आदि पंचरत्न दाल ) हरी सब्जी | 20 | 50 | 5 | उपलब्धता के आधार पर मौसमी फल ,गुड़ चना |
| बुधवार | चावल /फ्राई दाल/सब्जी (आलू चना या आलू मटर या आलू झुर्गा ) अचार | 20 | 50 | 5 | उपलब्धता के आधार पर मौसमी फल ,गुड़ चना |
| गुरुवार | चावल /पंचरत्न दाल (मूंग,अरहर,चना,उडद,मसूर आदि पंचरत्न दाल ) हरी सब्जी | 20 | 50 | 5 | उपलब्धता के आधार पर मौसमी फल ,गुड़ चना |
| शुक्रवार | चावल/ फ्राई दाल,सब्जी (आलू सोयाबीन बडी) अचार अथवा वेज पुलाव,टमाटर की फ्राई चटनी और पापड। | 20 | 50 | 5 | उपलब्धता के आधार पर मौसमी फल ,गुड़ चना |
| शनिवार | दूध के साथ खीर व अंकुरित चना (15 ग्राम) | | | | |

# उच्च प्राथमिक स्तर पर मध्याह्न भोजन का प्रस्तावित मीनू

| दिन | मध्याह्न भोजन का मीनू | दाल की मात्रा (ग्राम में) | हरी सब्जी की मात्रा (ग्राम में) | तेल की मात्रा (ग्राम में) | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| सोमवार | चावल /सांभर दाल (कुम्हडा,लौकी,मुनगा,या अन्य हरी सब्जी मिलाकर सांभर ) पापड | 30 | 75 | 7.5 | उपलब्धता के आधार पर मौसमी फल ,गुड़ चना |
| मंगलवार | चावल /पंचरत्न दाल (मूंग,अरहर,चना,उडद,मसूर आदि पंचरत्न दाल ) हरी सब्जी | 30 | 75 | 7.5 | उपलब्धता के आधार पर मौसमी फल, गुड़ चना |
| बुधवार | चावल /फ्राई दाल/सब्जी (आलू चना या आलू मटर या आलू झुर्गा ) अचार | 30 | 75 | 7.5 | उपलब्धता के आधार पर मौसमी फल, गुड़ चना |
| गुरुवार | चावल /पंचरत्न दाल (मूंग,अरहर,चना,उडद,मसूर आदि पंचरत्न दाल ) हरी सब्जी | 30 | 75 | 7.5 | उपलब्धता के आधार पर मौसमी फल, गुड़ चना |
| शुक्रवार | चावल/ फ्राई दाल,सब्जी (आलू सोयाबीन बडी) अचार अथवा वेज पुलाव,टमाटर की फ्राई चटनी और पापड। | 30 | 75 | 7.5 | उपलब्धता के आधार पर मौसमी फल ,गुड़ चना |
| शनिवार | दूध के साथ खीर व अंकुरित चना (20 ग्राम) | – | – | | |

प्रस्तावित मीनू का प्रदर्शन शाला की दीवारों पर किया जाना है। शालाओं में मध्याह्न भोजन के निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाना है कि राज्य/जिला स्तर से प्रस्तावित मीनू का पालन किया जा रहा है या नहीं। जिन शालाओं में मीनू अनुसार भोजन नहीं दिया जाता है उनके संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय
रायपुर छत्तीसगढ़

पृ.क्रमांक/म0भो0/मीनू/ 2014/ रायपुर दिनांक

प्रतिलिपि :–

1. निज सचिव, माननीय मंत्री जी, स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन।
2. सचिव, छ0ग0 शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर को सूचनार्थ।
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी छत्तीसगढ़
4. समस्त सहायक आयुक्त आदिम जाति एवं अनु. जाति विकास विभाग छत्तीसगढ़

-Sd-
संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय
रायपुर छत्तीसगढ़